Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title: Need to devise schemes to augment the financial resources of Panchayats to enable them to carry out developmental works in their respective areas.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) **:**अध्यक्ष महोदय, देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, भारत गांवों में बसता है और गांवों का विकास होना चाहिए यह समपना हमेशा भारतीय नेताओं व जनता का **रहा है। लैकिन** समय के बीतने के साथ साथ गांवों का विकास नहीं हो पाया है। लोगों का रूझान शहरों में आकर बसने का रहा है। गांव की पंचायत के पास अपनी कोई निश्चित आय नहीं है। शहरों में नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिकाओं को अलग अलग स्रोतों से आमदनी है, जो शहरों के ि वकास के लिए उपयोग की जाती है। गांव पंचायतों के पास में निश्चित आमदनी के स्रोत बने सरकार को ऐसी योजना बनाने की जरूरत है कि गांव पंचायत के पास आमदन होगी तो गांव का विकास होगा।